कार्यालय, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश
संख्या– 772 /09/ई–4/2018–19
इलाहाबाद–दिनांक 30 मार्च, 2018

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं0–ए–4/ई–1/2017 दिनांक 30–12–2017 के द्वारा विज्ञापित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि सामान्य चयन परीक्षा–2017 तथा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि विशेष चयन (बैकलाग) (प्रारम्भिक) परीक्षा–2017 के सन्दर्भ में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा दिनांक 08 अप्रैल, 2018 (रविवार) को दो सत्रों में पूर्वाह्न 9.30 बजे से 11.30 बजे तथा अपराह्न 2.30 से 3.30 बजे तक प्रदेश के 21 जनपदों, इलाहाबाद, लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़, फैजाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, रायबरेली, गाजियाबाद, झाँसी, कानपुर, इटावा, आगरा, मैनपुरी, मथुरा, बाराबंकी, के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि के आधार पर प्रवेश पत्र तथा अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो मुद्रित नहीं है, वे अपनी दो फोटो, आई.डी.प्रूफ के साथ लायेंगे।

/
(अंजू कटियार)
परीक्षा नियंत्रक।